हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, मंगलवार, 15 अप्रैल 2025

## संयुक्त अधिवक्ता मंच ने मनाई बाबासाहब आंबेडकर जयंती



**नागपुर.** भारतरत्न डा. बाबासाहब आंबेडकर जयंती अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच ने नागपुर के फैमिली कोर्ट में बडी धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अन्य कई अधिवक्ताओं सह नागपुर फैमिली कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधि. रामनाथ सेन सर, उपाध्यक्षा महोदया अधि.कांचन वराडे, सह-सचिव अधि. पानतावने, कार्यकारी सदस्य अधि. गौतमी नारनवरे, और अधि राजु शेंडे उपस्थित थे। उसी प्रकार अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच भारत के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य एवम् महाराष्ट्र प्रदेश सह प्रभारी अधि. छत्रपती एच. शर्मा, राष्ट्रीय मिडिया सह-प्रभारी अधि. प्रतिक गणोरकर, महाराष्ट्र प्रप्रदेश सचिव (युवा प्रकोष्ठ) अधि. चंद्रशेखर राऊत और मंच के वरिष्ठ पदाधिकारी अधि. अमर प्रताप सिंग आदि उपस्थित थे।

# डॉ. बाबासाहब आंबेडकर को दीक्षांत समारोह में नमन





> भदंत सुरेई ससाई की उपस्थिति में बुद्ध वंदना
> इंदोरा बुद्ध विहार, संविधान चौक, एयरपोर्ट पर बाबासाहब के जयकारे
> भीम-गीता का सामूहिक गायन

**नागपुर.**

भारतरत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर दीक्षाभूमि स्मारक समिति के अध्यक्ष एवं धम्मसेना नायक भदंत आर्य नागार्जुन सुरेई ससाई ने बाबासाहब की पूर्ण प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ. बाबासाहब आंबेडकर स्मारक समिति, दीक्षाभूमि, एवं अ. भा. दीक्षाभूमि में धम्म सेना के संयुक्त सदस्य भदंत ससाई की उपस्थिति में बुद्ध वंदना हुई। इस अवसर पर तथागत गौतम बुद्ध एवं डा. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उपस्थित अनुयायियों ने बाबासाहब की अस्थियों पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भिक्षु संघ के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भीम गीत गाया। इस अवसर पर भदंत ससाई ने मार्गदर्शन किया। डॉ. बाबासाहब का सामाजिक न्याय, समानता, भाईचारा और धर्मनिरपेक्षता का संदेश आज भी मार्गदर्शक सिद्धांत है। बाबासाहब सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि एक प्रेरणा हैं। ससाई ने कहा कि उन्होंने सामाजिक समानता के लिए लड़ाई लड़ी। सासाई ने यह भी संदेश दिया कि प्रत्येक छात्र को ज्ञान, नैतिकता, करुणा, शिक्षा और मित्रता के पांच सिद्धांतों पर अपना चरित्र बनाना चाहिए।

इस अवसर पर दीक्षाभूमि स्मारक समिति के एन. आर. सुते, आनंद फुलझेले, विलास गजघाटे, डॉ. सुधीर फुलझेले, डॉ. चंद्रशेखर मेश्राम, डॉ. प्रदीप अगलावे, प्राचार्य दीपा पन्हेकर, प्रोफेसर, व्याख्याता, कर्मचारी, साथ ही आदरणीय नागसेन, आदरणीय प्रज्ञा बोधि, आदरणीय अश्वघोष, आदरणीय संघ, आदरणीय बुद्धघोष, आदरणीय नागवंश, भिक्खुनिस संघप्रिय, शिलानंद, विशाखा समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं धम्म सेना के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इससे पहले भदंत ससाई ने इंदौरा बुद्ध विहार, इंदौरा चौक, संविधान चौक और हवाईअड्डे पर डॉ. से मुलाकात की।

उन्होंने बाबासाहब की पूर्ण प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर बाबासाहब के जयकारे लगाये गये. सभी चार स्थानों पर सामूहिक भीम गीत का गायन किया गया।

## सर्पमित्रों ने सारस और नाग को दिया जीवनदान

**नागपुर.** पिछले 24 घंटों में दो अलग-अलग स्थानों पर पाए गए सारस और नाग को पकड़कर वन विभाग के अधिवास में मुक्त कर दिया गया। आज सुबह साढ़े छह बजे हिंगणा के एक लेआउट में इलाके आवारा कुत्ते सारस प्राणी पर हमला कर रहे थे। वहां के चौकीदार ने यह देखा और कुत्तों को भगाया। इसके बाद वह सारस डरकर एक इमारत के बाथरूम में जाकर छिप गया। इसकी जानकारी मिलते ही विदर्भ सर्पमित्र समिति के सदस्य आकाश मेश्राम, आकाश मंडल और दीपक कुंभलकर इन तीनों ने घटनास्थल पर पहुंचकर उस सारस प्राणी को अपने कब्जे में लिया और तुरंत वन परिक्षेत्र के अधिवास में छोड़ दिया।

**दूसरी घटना शुक्रवार रात 9 बजे के करीब**

एसआरपीएफ गेट के पास की है। एक घर के पीछे एक बड़ा 6 फुट लंबा नाग छोटे 3 फुट के नाग को निगल रहा था। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने विदर्भ सर्पमित्र समिति के सदस्य अमित वंजारी और सौरभ अंबलकर को दी। वे तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे। बड़ा नाग पकड़ते समय दूसरा छोटा नाग घर के कॉलम के बिल में भाग गया, लेकिन बड़ा नाग पकड़ा गया। उसे भी वन विभाग के प्राकृतिक अधिवास में छोड़ दिया गया। पिछले 3 दिनों से ये दोनों सांप लोगों को हर रोज दिख रहे थे। लेकिन शुक्रवार को साँप को निगलने का दृश्य देखकर लोग डर गए थे।

# आरपीएफ नागपुर की कामयाबी: 3 माह में 24 बच्चों का रेस्क्यू

> सुरक्षा और सेवा दोनों में अव्वल

**नागपुर.**

दक्षिण पूर्व मध्य रेल नागपुर मंडल की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने जनवरी से मार्च 2025 के बीच सुरक्षा और जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं। 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत 24 बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण केंद्र के माध्यम से उनके परिजनों को सौंपा गया। इसी अवधि में 'ऑपरेशन अमानत' के अंतर्गत यात्रियों के खोए हुए कुल 75 सामान बरामद कर लौटाए गए, जिनकी कुल कीमत 16,46,238 रुपये थी। यह समस्त कार्य मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चंद्र आर्य के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

**जीवन रक्षा:** चलती ट्रेन से गिरने वाले दो यात्रियों की जान बचाई गई।

**रेल संपत्ति सुरक्षा:** चोरी के 12 मामलों में ₹ 1,06,174 मूल्य की संपत्ति बरामद कर 32 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

**यात्री सुरक्षा:** हेल्पलाइन 139, सोशल मीडिया व ट्विटर पर प्राप्त कुल 2,647 शिकायतों का समाधान किया गया और 2,234 ट्रेनों की निगरानी की गई।

**मेरी सहेली अभियान:** 1,200 महिला यात्रियों से संपर्क कर उन्हें सुरक्षित यात्रा का आश्वासन दिया गया। महिलाओं के कोच में अनधिकृत रूप से यात्रा कर रहे 1,171 पुरुष यात्रियों से ₹ 2,62,800 का जुर्माना वसूला गया।

**नार्कोस अभियान:** 10 मामलों में 12.224 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया, जिसकी कीमत ₹ 2.44 लाख आँकी गई।

**मातृशक्ति सेवा:** एक गर्भवती महिला को चलती ट्रेन में प्रसव पीड़ा के दौरान समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।



**अवैध टिकट दलाली:** 17 दलालों को गिरफ्तार कर ₹ 7,74,0267 रुपये के टिकट जब्त किए गए।

**समय पालन:** बिना कारण चेन खींचने के 219 मामलों में 200 लोगों से ₹ 20,500 का जुर्माना वसूला गया।

**जन जागरूकता अभियान:** 1,901 पंपलेट वितरित किए गए व 269 उद्घोषणाएं की गईं।

**मानव व पशु रनओवर रोकथाम:** 137 स्थानों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

आरपीएफ नागपुर की यह बहुआयामी सफलता सुरक्षा, सेवा और सजगता का प्रतीक है, जिससे यात्रियों में विश्वास और सुरक्षा की भावना और भी मजबूत हुई है।

## कोसरे माली संगठन की ओर से भारतरत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर को विनम्र अभिवादन

**नागपुर.**



भारतीय संविधान के निर्माता, भारतरत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर कोसरे माली संगठन द्वारा जय ज्योति सांस्कृतिक सभा मंडप, दिघोरी, नागपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले और राजर्षि शाहू महाराज के प्रतिमा को माल्यार्पण कर के अभिवादन किया। आयोजित कार्यक्रम मे संस्था के अध्यक्ष कृष्णा महादुरे तथा परिचय वसंतराव सोनुले ने दिया, साथ ही पल्लवि वाढई ने बाबासाहब के जीवनकार्यों पर मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव पुरुषोत्तम मांदाडे, शरद मांदाडे, राजेंद्र ठाकरे, तुळशीरामजी वाडगुरे, मनोहर चौधरी, शरदजी निकुरे, पंकज मोहुर्ले, रामेश्वर मोहुर्ले, राहुल वाढई, प्रभाकरराव निकोडे साथ ही माया वाढई, कौशल्या चौधरी, आशा सोनुले, मनीषा गुरनुले, उज्वाला मांदाडे, गीता सोनुले कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग में हड़कंप! उपसंचालक उल्हास नरड गढ़चिरोली से गिरफ्तार, 2 दिन का पीसीआर

**नागपुर.** शिक्षा विभाग में फर्जीवाड़े का बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें नागपुर विभाग के उपसंचालक उल्हास नरड को गडचिरोली से गिरफ्तार किया गया है। उन पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एक शिक्षक को मुख्याध्यापक पद पर मंजूरी देने का गंभीर आरोप है। यह कार्रवाई सदर पुलिस द्वारा शुक्रवार देर रात की गई। इस मामले में मुख्य आरोपी पराग नानाजी पुडके (निवासी जेवताळा, तहसील लाखनी, जिला भंडारा) को भी हिरासत में लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, पुडके ने शिक्षक के रूप में कहीं भी कार्य नहीं किया, बावजूद इसके उसे सीधे मुख्याध्यापक पद पर नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति के लिए नागपुर की एस.के.बी. उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय, यादवनगर के नाम से फर्जी कागज़ात तैयार किए गए। इन्हीं फर्जी कागज़ातों के आधार पर उपसंचालक उल्हास नरड ने आर्थिक लेन-देन के ज़रिए पुडके को नानाजी पुडके विद्यालय, जेवताळा (जिला भंडारा) में मुख्याध्यापक पद पर मंजूरी दी। इससे पहले, बोगस शालार्थ आईडी मामले में वेतन पथक अधीक्षक नीलेश वाघमारे को निलंबित किया गया था। इस पूरे प्रकरण में जिला परिषद के शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों की भी संलिप्तता की बात सामने आई है। शनिवार को दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया.

## एमआईएम कार्यकर्ताओं ने मनाई आंबेडकर जयंती



**नागपुर.**

दक्षिण नागपुर. के जानीब से. भारतीय संविधान. निर्माता डां. बाबासाहब. भिमराव आंबेडकर. इनका जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ. बिडपेठ के तुकोबा ग्राम. स्थित पुतले को मालार्पण कर के मनाया गया.

उनके जिवनी पर रोशनी डालते हुए कहा गया की मुख्य रूप से देश ही नहीं बल्कि दुनिया में भी बाबासाहब आंबेडकर के विचारों से प्रेरित होकर कार्य कर रहे हैं. अपने देश में भी संविधान को लेकर भाई चारा कायम है.

देश को समर्पित संविधान सर्वोपरी है. सभी जाती धर्मों का सम्मान संविधान है. आजादी से जिने का अधिकार तथा सभी वर्ग के धर्मो को एक मुस्त एक साथ जिवन यापन एव भाईचारा से रहने का पैगाम आंबेडकर सहाब ने दिया है.

इस सुभ अवसर मे मौजुद नेता शकील पटेल. इसहाक मन्सुरी. शोएब अहमद. सोहेल खान. हाजी रियाज़. सै फहिम सर. अमिन ताजी. अफजल पठान. निसार ताजी. इसहाक कुरेशी. सईद शेख. जमिल मंडप. साबेरा याशिन. शबनम शेख. वालिया शेख. नाजिया खान. संध्या मेश्राम. अन्य जयंती के अवसर पर मौजूद थे.

# नगर निगम मुख्यालय में मनाया गया अग्निशमन सेवा दिवस





**नागपुर.**

नगर निगम की फायर ब्रिगेड नागपुर के लोगों के लिए हमेशा तैयार रहती है । नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने आश्वासन दिया कि इस मंत्रालय को और मजबूत करने के लिए जल्द ही नई तकनीक का उपयोग किया जाएगा ।(14) को अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर नगर निगम मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही । इस अवसर पर अपर आयुक्त वसुमना पंत , वैष्णवी बी. मंच पर उपस्थित थे। , अजय चर्थनकर , उपायुक्त अशोक गराटे , मेडिकल स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपक सेलोकर , मुख्य अग्निशमन अधिकारी बी.पी. चांदनखेड़े उपस्थित थे।

सबसे पहले नगर निगम आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी ने 1944 में मुंबई में हुए भीषण जहाज़ हादसे में जो 66 सैनिक मारे गए थे,जिसमे शहीद गुलाबराव कौवे , शहीद भगवान कुहिकर और शहीद रमेश ठाकरे आदि अग्निशमन बचाव कार्य में ज़िंदगी त्याग करने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की . इस मौके पर नगर निगम आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी को अग्निशमन विभाग की ओर से मानववंदना दी गई। परेड का अवलोकन करने के बाद आयुक्त ने अग्निशमन सैनिकों का सलाम स्वीकृत किया।

इस समय बोलते हुए डॉ. अभिजीत चौधरी ने कहा कि चूंकि नागपुर शहर सभी दिशाओं में फैल रहा है, इसलिए नागपुर निवासियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी महानगरपालिका के अग्निशमन विभाग की है। इस दृष्टिकोण से, आपातकालीन स्थिति में, अग्निशमन कर्मी घटनास्थल पर पहुंचते हैं और तत्परता से अपना कर्तव्य निभाते हैं। हमारे सैनिक न केवल शहर में बल्कि शहर के बाहर भी राहत और बचाव कार्य करते हैं। चाहे बाढ़ हो या आग, हमारे अग्निशमन कर्मी लोगों को खतरे से बचाने के लिए 24 घंटे काम करते हैं। शहर की आबादी के आधार पर नगर निगम के पास 11 अग्निशमन केंद्र हैं । आने वाले दिनों में यह संख्या बढ़कर 22 हो जाएगी। आयुक्त ने विश्वास व्यक्त किया कि पचपावली में नये अग्निशमन केन्द्र का शीघ्र ही उद्घाटन किया जाएगा तथा पुराने अग्निशमन केन्द्रों का भी इस वर्ष नवीनीकरण किया जाएगा । अग्निशमन प्रणाली और उसके कर्मियों को अद्यतन रखने के लिए, राष्ट्रीय अग्निशमन महाविद्यालय की सहायता से अत्याधुनिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही, शहर में गगनचुंबी इमारतों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, विभाग के बेड़े में 70 मीटर ऊंचा हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म जोड़ा जा रहा है और यह अत्याधुनिक वाहन जल्द ही नागपुर के लोगों की सेवा में आ जाएगा। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि विभाग के लिए 14 दमकल गाड़ियां भी सेवा में लगाई जाएंगी ।

डॉ. चौधरी ने आगे कहा कि उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से अग्निशमन कर्मियों के लिए बीमा कवर की भी घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से युक्त एक 'आधुनिक नियंत्रण कक्ष' बनाया जाएगा । इस समय मुख्य अग्निशमन अधिकारी बी.पी. चंदनखेड़े एवं सहायक मंडल अग्निशमन अधिकारी तुषार बहराहाटे के नेतृत्व में अग्निशमन कर्मियों ने आपातकालीन घटनाओं पर नियंत्रण करने के तरीके पर प्रदर्शन प्रस्तुत किया । इस अवसर पर सामरिक मध्य ड्रिल , टीटीएल ड्रिल , तेल फायर ड्रिल , हथियार शाखाएं और जेट प्रदर्शन ड्रिल आयोजित की गईं। कार्यक्रम का संचालन शुभांगी पोहरे ने किया तथा आभार प्रदर्शन मुख्य अग्निशमन अधिकारी बी.पी. चंदनखेड़े ने किया।

**करोड़ों की संपत्ति बचाने में मिली सफलता**

2024-25 इस वर्ष शहर में 808 आग की घटनाएं और 680 अन्य दुर्घटनाएं दर्ज की गईं , जिससे आग की घटनाओं में 24 करोड़ 51 लाख 96 हजार 900 रुपये का नुकसान हुआ । हालांकि विभाग की तत्परता के कारण 71 करोड़ 24 लाख 20 हजार 600 रुपये की संपत्ति बचा ली गई है। साथ ही शहर के बाहर 39 अग्निकांडों में सेवा देकर 10 लाख रुपए की संपत्ति बचाई। 16 करोड़ 22 लाख 64 हजार रुपए की बचत हुई। पिछले वर्ष अग्निशमन सेवा से विभाग को कुल 18 करोड़ 25 लाख 75 हजार 896 रुपए की आय प्राप्त हुई थी।

## कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर की हत्या

> फिरौती की भी रची साजिश

**नागपुर.**

हुड़केश्वर थाना क्षेत्र के नीलकंठ नगर में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक नाबालिग छात्र की उसके ही मित्र ने कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर हत्या कर दी। इस वारदात के पीछे दोस्ती की आड़ में छिपी ईर्ष्या और लालच की खौफनाक साजिश छिपी थी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतक छात्र की पहचान 17 वर्षीय वेदांत उर्फ विजय कालिदास खंडाते के रूप में हुई है, जबकि आरोपी मित्र का नाम मिथिलेश चकोले (19) है। वेदांत ने हाल ही में बारहवीं की परीक्षा दी थी और वह एक संपन्न परिवार से ताल्लुक रखता था। उसके पिता ने कुछ समय पहले खेती की जमीन बेचकर एक बड़ी रकम प्राप्त की थी। इसी बात को लेकर मिथिलेश के मन में जलन घर कर गई थी।



**जहर देकर की हत्या, फिरौती के लिए लिखा पत्र**

8 अप्रैल को मिथिलेश ने वेदांत को पान ठेले पर बुलाया और कोल्ड ड्रिंक में चुपचाप काकरोच मारने की दवा मिलाकर उसे पिला दी। वेदांत की हालत घर पहुंचते ही बिगड़ गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान 4 दिन तक ज़िंदगी से जूझने के बाद शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। इस बीच 10 अप्रैल को वेदांत के पिता को उनकी कार की बोनट पर एक पत्र मिला, जिसमें खेती से मिले पैसों की फिरौती मांगी गई थी। पत्र में एक ढाबे पर पैसे पहुंचाने की बात लिखी गई थी। पुलिस को यह मामला पहले आत्महत्या का प्रतीत हुआ, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर की पुष्टि होते ही शक की सुई मिथिलेश पर जाकर टिक गई।

**पुलिस पूछताछ में टूटा आरोपी**

कड़ाई से पूछताछ करने पर अंततः मिथिलेश ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह वेदांत की संपन्नता से चिढ़ता था और जल्दी अमीर बनने की लालच में इस घिनौनी साजिश को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर हत्या और फिरौती की साजिश का मामला दर्ज किया है। पुलिस सोमवार को आरोपी को कोर्ट में भी पेश किया और उसे 17 अप्रैल तक पुलिस कस्टडी रिमांड में लिया है अब पुलिस इस हत्या के मामले में किसी और की भी भागीदारी है क्या इसकी भी जांच कर रही है।

CMYK

# मानवता की सेवा में मिसाल पेश कर रही है पुलिस

**नागपुर.**

पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रही है, बल्कि अब मानवता की सेवा में भी मिसाल पेश कर रही है। नागपुर पुलिस का 'मिशन मुक्ति' इसकी बानगी पेशकर रहा है, जो इन दिनों खूब चर्चा में है। पुलिस विभाग ने दो बुजुर्गों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने का उदाहरण सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया है। इस पोस्ट ने संवेदनशीलता की मिसाल के साथ ही सामाजिक दायित्व के प्रति एक नई सोच का संकेत दिया है।

5 अप्रैल की शाम 7:30 बजे, निर्मल नगरी गेट नंबर 3 और शीतला माता चौक के बीच फुटपाथ पर एक वृद्धा बेसुध अवस्था में पड़ी थी। वह लगभग 65 वर्ष की थी।

### मिशन मुक्ति से बेसहारा को मिला सहारा

वह न बोल पा रही थी, न ही कोई प्रतिक्रिया दे रही थी। कई बार एम्बुलेंस कॉल करने पर भी कोई मदद नहीं पहुंची। मौके पर पहुंचे पीसी मनोज और होमगार्ड कृष्णा ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। डब्ल्यूपीसी विनीता और पीसी राजेश की मदद से महिला को पुलिस वाहन से मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल उपचार हेतु भर्ती कर लिया।

अगले दिन विनीता ने अस्पताल जाकर उनकी सुध ली।

वह अब भी नि:शब्द थीं क्योंकि उन्हें देखने कोई परिजन नहीं आया था। 7 अप्रैल को होमगार्ड कृष्णा ने पुनः अस्पताल जाकर महिला के इलाज की जानकारी ली। 10 अप्रैल को एक दुकानदार ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को कई घंटों तक पेड़ के नीचे शांत बैठे देखा।

बुजुर्ग केवल पानी पी रहे थे। स्थानीय भाषा भी नहीं बोल पा रहे थे। उनकी हालत बिगड़ती देख दुकानदार नेविल कसाड ने 100 नंबर पर कॉल किया। तहसील थाना पुलिस के दो अधिकारी मौके पर पहुंचे। बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिसकर्मियों ने दुकानदार नेविल कैसाड को इंसानियत का फर्ज निभाने के लिए धन्यवाद दिया।

**मदद के लिए समर्पित**

ऐसी घटनाएं 'मिशन मुक्ति' के अंतर्गत नागपुर पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता का उदाहरण हैं। पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र सिंगल के नेतृत्व में यह अभियान शहर में बेघर, मानसिक रूप से अस्वस्थ और जरूरतमंद नागरिकों की मदद के लिए समर्पित है। इन दोनों घटनाओं की जानकारी नागपुर सिटी पुलिस ने अपने एक्स हैंडल पर साझा की है।

# नवीन बीना बौद्ध विहार में बाबासाहब आंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह का भव्य शुभारंभ

**खापरखेड़ा.**

स्थानीय नवीन बीना बौद्ध विहार में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह का भव्य शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती के अवसर पर किया गया। यह आयोजन भारतीय बौद्ध महासभा, आम्रपाली एवं संघमित्रा महिला मंडल तथा राहुल नवयुवक संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

समारोह की शुरुआत सुबह ध्वजारोहण (नीला झंडा) से हुई, जिसे जागेश्वर वानखेड़े और बेबीताई वानखेड़े ने सम्पन्न किया। शाम के उद्घाटन समारोह में तथागत गौतम बुद्ध, महात्मा फुले, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर एवं माता रमाई की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया तथा बुद्ध वंदना के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। भारतीय बौद्ध महासभा, नया बीना के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र सावजी तागड़े ने स्वागत भाषण में कार्यक्रम के उद्देश्य एवं विभिन्न आयोजनों की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से बुद्ध, अशोक, कनिष्क, छत्रपति शिवाजी, फुले-शाहू-अंबेडकर के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम




के उद्घाटक भदंत महेंद्ररत्न (सचिव, राष्ट्रीय सर्वधर्म सद्भावना) ने महात्मा फुले के जीवन एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए मनुवादी वर्ण व्यवस्था की आलोचना की। मुख्य अतिथि शंकरराव ढेंगरे (राष्ट्रीय महासचिव एवं ट्रस्टी, भारतीय बौद्ध महासभा) ने महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष चंद्रबोधि पाटिल (राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ट्रस्टी, भा.बौ.म.) ने महाविहार को अन्य धर्मों के नियंत्रण से मुक्त कराने के लिए समाज को तन-मन-धन से आंदोलन में शामिल होने की अपील की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में धम्म सकाळ ग्रुप द्वारा समूह नृत्य एवं प्राची भूषण दानी द्वारा एकांकी नाटक राष्ट्रमाता, राजमाता जिजाऊ की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सरपंच मीनाक्षी तागड़े, पंचायत सदस्य दर्शना बोरकर, उपाध्यक्ष अनिल लांजेवार, सचिव मुकेश बागड़े, कोषाध्यक्ष रवींद्र ढोके, लेखा परीक्षक नरेश डोंगरे एवं सलाहकार समिति के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी संगठनों के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंच संचालन मालवी नारनवारे ने किया और आभार प्रदर्शन कल्पना वासनिक ने किया।

# नीमा दिवस एवं होम्योपैथी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**सावनेर.**

स्थानीय नीमा होम्योपैथिक एसोसिएशन के तत्वावधान में नीमा दिवस एवं होम्योपैथी दिवस 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर की अध्यक्षता डॉ. जनार्दन काले ने की। कार्यक्रम में "डॉ. सैमुअल हैनिमैन लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2025" से डॉ. दादाराव बापूराव लूटे को सम्मानित किया गया।



इस आयोजन का सफल नेतृत्व एनआईए अध्यक्ष डॉ. छत्रपति मनापुरे एवं होम्योपैथिक अध्यक्ष डॉ. राहुल दाते ने किया। कार्यक्रम में डॉ. अनूप जायसवाल और डॉ. नेहा जायसवाल की विशेष भागीदारी रही। आयोजन समिति में होम्योपैथिक उपाध्यक्ष डॉ. स्वप्निल काले, सचिव डॉ. नितिन सोमकुवर, कोषाध्यक्ष डॉ. आकांक्षा निनावे और डॉ. पल्लवी दांडेकर, एनआईएमए उपाध्यक्ष डॉ. नीरज दुबे, सचिव डॉ. नेहा जायसवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. वैशाली दाते, संयुक्त सचिव डॉ. सुजाता घाटोड़े एवं डॉ. सुषमा गुप्ता का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नीमा एवं होम्योपैथिक संगठनों के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. मनोहर काले, डॉ. मिलिंद कुथे, डॉ. अश्विनी पोफली, डॉ. संजय दोरखंडे, डॉ. मंजूषा दोरखंडे, डॉ. प्रशांत घोलसे, डॉ. प्रशांत राजपूत, डॉ. जयंत देशमुख, डॉ. मर्फी गजभिए, डॉ. रोशन निनावे, डॉ. चंद्रशेखर दांडेकर, डॉ. गिरीश लाकड़े, डॉ. चित्रा लाकड़े, डॉ. परेश पिंगे, डॉ. कीर्ति पिंगे, डॉ. विकास चोपड़े, डॉ. योगिता चोपड़े, डॉ. पराग घाटोड़े, डॉ. भीमराव कोहाड़, डॉ. वैशाली कोहाड़, डॉ. वृषाली जायसवाल, डॉ. चारुलता सोनभद्रे, डॉ. श्रेया काले, डॉ. स्वप्निल काम्बे, डॉ. विशाल पांडे, डॉ. शिवानी काम्बे, डॉ. यश जायसवाल, एवं डॉ. शशांक कुथे प्रमुख रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. राहुल दाते ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. छत्रपति मनापुरे द्वारा किया गया।

इस आयोजन ने होम्योपैथी के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं चिकित्सकों के कार्यों को सराहने का एक प्रेरणादायक मंच प्रदान किया।

# हनुमान जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**कामठी.**

हनुमान जयंती के अवसर पर शहर में श्री हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति की ओर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान कई झांकियां निकाली गई। हालांकि इस दौरान पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे।

हनुमान जयंती के अवसर पर रविवार को शाम में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान ऐतिहासिक आकर्षक झांकियों के साथ 53वें श्री हनुमान जन्मोत्सव शोभा यात्रा निकाली गई। भगवान हनुमान के मुख्य रथ के पीछे कई आकर्षक झांकियां थीं। भगवान राम के भक्त श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के दूसरे दिन रविवार को शाम में राजस्व मंत्री व पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, सांसद श्यामकुमार बर्वे, पूर्व मंत्री अनिल देशमुख, विधान परिषद सदस्य कृपाल तुमाने, पूर्व केंद्रीय मंत्री विलास मुत्तेमवार, पूर्व विधायक टेकचंद सावरकर, जिला परिषद पूर्व अध्यक्ष सुरेश भोयर, युवा नेता प्रसन्ना उर्फ राजा तिड़के, नप पूर्व अध्यक्ष माया चवरे, अग्रवाल भवन समिति अध्यक्ष अजय अग्रवाल, पूर्व सदस्य सलिल देशमुख, नप पूर्व अध्यक्ष अजय कदम, समिति के अध्यक्ष राजेश शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने सबसे पहले हनुमान जी की पूजा की। इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ हुआ और भगवान की पूजा और आरती की गई, जिसके बाद भगवान हनुमान को रथ पर विराजमान कराया गया। इसके बाद रथ में विराजमान होने के बाद, जय श्री राम के जयघोष के साथ ही शोभा यात्रा शहर में निकाली गई, जिसकी भव्यता देखते ही बन रही थी। इस अवसर पर संजय उर्फ पप्पू अग्रवाल, मनीष वाजपेयी, विवेक मंगतानी, राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, कमल उर्फ लालू यादव, विनोद संगेवार, दिनेश बिल्लरवान, विजय कोंडुलवार, चंद्रशेखर तूप्पट, उदयसिंग यादव, लालसिंग यादव, सौमित्र नंदी, पंकज साबरे, मूलचंद सीरिया, पंकज वर्मा, विक्की शर्मा, आशुतोष अवस्थी, रितेश मानसिंह यादव, प्रमेंद्र यादव, अजय लाखा, अन्नू शर्मा, सुधीर शंभरकर, नप मुख्याधिकारी संदीप बोरकर, प्रदीप भोकरे, ग़प्पू मेथिया, सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। भगवा ध्वज लहराते, भगवा टोपी, दुपट्टे पहने भक्त 'जयश्रीराम, जय हनुमान' के गगनभेदी जयघोष से शोभायात्रा मार्ग गुंजायमान कर रहे थे शहर में यह शोभा यात्रा जहां से निकलती, वहीं से हजारों लोग झांकियों के दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ते।

### पुलिस ने सुरक्षा के किए कड़े इंतजाम



भगवान हनुमान के दर्शन के लिए सड़क के किनारे हजारों की संख्या में श्रद्धालु खड़े और जय हनुमान के जयघोष से पूरा कामठी शहर गूंज उठा। शोभायात्रा में सजीव पात्र के विशालकाय हनुमान तथा दर्जनों आकर्षक झांकियों को देखकर शहरवासी मंत्रमुग्ध हुए। शोभायात्रा मार्ग पूरी तरह से भगवा पताकाओं, स्वागत द्वारों से सजाया गया था। जगह-जगह मिठाइयां, अल्पोहार, शीतपेय सहित अन्य खाद्य पदार्थ शोभायात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। पुलिस आयुक्त रविन्द्र सिंघल, डीसीपी राकेश कलासागर, एसीपी विशाल क्षीरसागर के मार्गदर्शन एवं नवीन कामठी थाना वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले, जूना कामठी पुलिस थाना वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े, यातायात पुलिस निरीक्षक नितीन पतंगे के नेतृत्व में खुफिया विभाग के अखिलेश राय ठाकुर, अंकित ठाकुर, सूचित गजभिए, शैलेश यादव सहित पुलिस कर्मियों ने शोभायात्रा के मद्देनजर जबरदस्त सुरक्षा का प्रबंध किया था। वहीं मनीष वाजपेयी और चंद्रकांत चौबे द्वारा ध्वनिप्रेक्षक के जरिए शोभायात्रा का आंखों देखा हाल वर्णित किया गया। शोभायात्रा को सफल बनाने में श्री हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष राजेश शर्मा, उपाध्यक्ष कमलकिशोर करवा, सुरेश चावला, मूलचंद सीरिया, मनीष वाजपेई, नरेश दावानी, महेश खंडवानी, विवेक मंगतानी, महेश शर्मा, गिरीश संगेवार, उमाशंकर अग्रवाल, प्रेम शर्मा, हितेश बावनकुले, मनीष पमनानी आदि ने कड़ी मेहनत किए।

# डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134वीं जयंती पर कांग्रेस की ओर से किया गया माल्यार्पण



**सावनेर.** महामानव भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर शहर कांग्रेस की ओर से बस स्टैंड स्थित उनकी प्रतिमा को माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष पवन जैस्वाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर पूर्व नगरसेवक तेजसिंह सावजी, सुनील चाफेकर, निलेश पटे, डोमासाव सावजी, लक्ष्मीकांत दिवटे, दीपक बसवार, शपीक सैय्यद, व्यापारी संघ सावनेर के पूर्व सचिव मनोज बसवार, युवा उद्यमी अश्विन कारोकार, सैदु शेख, डॉ. पटेल, राजू चित्तेवान समेत कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे। सभी ने डॉ. आंबेडकर के विचारों को स्मरण करते हुए उनके सामाजिक न्याय, समानता और संविधान निर्माण में किए गए अतुलनीय योगदान को नमन किया। कार्यक्रम का आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# गणेश वाचनालय में मनाई गई बाबासाहब आंबेडकर की 135वीं जयंती



**सावनेर.** सावनेर नगर परिषद परिसर स्थित गणेश वाचनालय में भारत रत्न, संविधान निर्माता और समाज सुधारक डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वाचनालय के अध्यक्ष ॲड. चंद्रशेखर बरेठिया ने डॉ. आंबेडकर द्वारा संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों और शैक्षिक अधिकारों की उपयोगिता और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में संस्था के सचिव एड. भूपेंद्र पूरे, व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष विनोद जैन, गौरीशंकर राजपूते, गोविंद लोधी, प्रशांत जामदार, पूर्व नगरसेवक सुजीत बागड़े, नितिन पूरे, अजय अलगारे, अतुल नलगुडवार, वाचनालय के पाठकगण, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया तथा उनके योगदान को श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

# सिंगोरी कोयला खदान में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई

**खापरखेड़ा.**

खापरखेड़ा के समीप स्थित सिंगोरी कोयला खदान में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर खदान के मैनेजर रघुवीर के ईनके द्वारा प्रकल्प ग्रस्त बच्चों को नि:शुल्क शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई।



इस मौके पर रघुवीर ईनके ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए, क्योंकि शिक्षा ही उनका मूल मंत्र था। उन्होंने सभी से अपील की कि चाहे जैसी भी परिस्थिति हो, हमें अपने बच्चों को शिक्षित करना चाहिए। कार्यक्रम में कामगार नेता प्रवीण लाकड़े ने बताया कि कोयला प्रबंधन संगठन की पुरानी मांग को स्वीकारते हुए पिछले वर्ष से डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जयंती को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इससे कोयला कामगारों की वार्षिक छुट्टियों की संख्या 8 से बढ़कर 9 हो गई है, जिससे कामगारों में खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर कामगार नेता बलविंदर चौहान ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिंगोरी खदान के मैनेजर रघुवीर, डोरली गांव के सरपंच श्री अंजनकर, जी कार्मिक प्रबंधक मनोज त्रिपाठी, मनोज मंथनवार, सुरेश द्विवेदी, लालचंद गुप्ता, सुरेश मनघटे, स्वप्निल खोबरागड़े, सौरभ सिद्दीकी, सुनील चौरे, विशाल ढोके, इलियास शेख, निहाल पंडोल, प्रशांत बोरकर समेत बड़ी संख्या में कोयला खदान के कामगार और गांववासी उपस्थित रहे।

# नागरिक दक्षता समिती ने मनाई डॉ. आंबेडकर जयंती



**कामठी.**

नागरिक दक्षता समिती उत्तर नागपुर के संयोजक बंडोपंत टेंभुर्णे, अध्यक्ष वामनराव साखरे, महासचिव डॉ. राजकुमार खियाणी, कोषाध्यक्ष भास्कर मेश्राम, उपाध्यक्ष अर्जुनलाल मेश्राम, सुवर्णा पोहाने, सिंधु वाघमारे, सचिव विणा दरवाडे, दीक्षित अंबादे, स्वर्णा शहारे, शोभा वासनिक, रत्नमाला फुलझले, संजय लिंगायत, ईश्वर टेंभुर्णे, रमेश शंभरकर, श्रीधर पेंदाम, किरण सहारे, पी.पी. जनबंधू, सत्यवान साखरे, संजय चाहँदे, हेमंत खोब्रागडे, ओमकार सिंग बहोत की उपस्थिति में डा.बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा को माल्यार्पण कर विनम्र अभिवादन किया गया। सामूहिक बुद्ध वंदना के पश्चात प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। उनके विचारों को आत्मसात करने तथा उन पर चलने की सीख दी गई । कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजकुमार खियानी एवं आभार प्रदर्शन वीणा दरवाडे ने व्यक्त किया।

# डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की जयंती पर नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम

> लाखोटिया भूतड़ा जूनियर कॉलेज, कोंढाली में उत्साहपूर्वक मना समारोह

**कोंढाली.**

भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती को कोंढाली स्थित लाखोटिया भूतड़ा स्कूल एवं जूनियर कॉलेज में बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने डॉ. आंबेडकर के जीवन पर आधारित लघु नाटिका और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर उनके संघर्षों को जीवंत रूप से दर्शाया।




नाटक के माध्यम से महाड़ के चवदार तालाब सत्याग्रह, अस्पृश्यता के खिलाफ संघर्ष और संविधान निर्माण जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों को प्रभावशाली तरीके से मंचित किया गया। विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान के 395 अनुच्छेदों पर आधारित भाषण भी दिया। इसके साथ ही भीम गीत, प्रश्नमंच और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से डॉ. आंबेडकर के विचारों और योगदान पर प्रकाश डाला गया, जिससे उपस्थित सभी लोग अत्यंत प्रभावित हुए। प्राचार्य सुधीर बुटे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही विद्यार्थियों का प्रथम कर्तव्य है। उन्होंने दिनचर्या में पढ़ाई को प्राथमिकता देने की सलाह देते हुए कहा कि निरंतरता और मानसिक तैयारी से विद्यार्थी जीवन में ऊँचाइयाँ प्राप्त कर सकते हैं। समारोह में समाजसेवी दुर्गा प्रसाद पांडे ने संविधान की महत्ता, मौलिक अधिकार और कर्तव्यों पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यालय को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर मिले सम्मान के लिए बधाई दी और बताया कि देश की एकता, स्वतंत्रता, समानता और न्याय की भावना संविधान की देन है।

इस कार्यक्रम में उपप्राचार्य कैलाश थुल, पर्यवेक्षक मनोज ढाले, परीक्षा प्रमुख संजय अगरकर, सुनील सोलव, प्रिया धारपुरे सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मंच संचालन भूमिका पोकले व अदिति पिसे ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मनस्वी दारव्हेकर द्वारा किया गया।

**पुरस्कार एवं सम्मान समारोह**

इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक चेतना ढोके, सामाजिक उत्सव समिति प्रमुख यशोदा नसारे, विशेष सहायक राहुल रक्षित व अन्य शिक्षकों के सहयोग से आयोजन को सफल बनाया गया। जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, संस्कृति एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह आयोजन न केवल डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि था, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर उनके विचारों और संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा भी बना।

# पारशिवनी में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर जयंती पर हुआ भव्य आयोजन




**पारशिवनी.**

देशभर में आज डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर पारशिवनी स्थित पंचशिल चौक में हजारों अनुयायी एकत्रित हुए और डॉ. बाबासाहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सामूहिक बुद्ध वंदना का आयोजन भी किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस अवसर पर बाबासाहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

वाहन चालक मालक संघटना की ओर से भी डॉ. बाबासाहेब को अभिवादन किया गया। शहर में इस दिन को भव्य रूप से मनाने के लिए प्रवेश द्वार लगाए गए और अभिभावकों का स्वागत किया गया। साथ ही, मिष्ठान का वितरण भी किया गया। 14 अप्रैल वह ऐतिहासिक दिन है, जब डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का जन्म हुआ था, जिन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त असमानता, छुआछूत और जातिवाद के खिलाफ संघर्ष किया। उनका योगदान न केवल भारतीय संविधान के निर्माण में था, बल्कि उन्होंने समाज में दलितों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी पूरी जिंदगी समर्पित की। डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था और वे देश के पहले कानून मंत्री थे। इस दिन पर, हम डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके संघर्ष और योगदान को याद करते हैं।

# 2026 के अंततक 80 प्रश. किसानों को 12 घंटे मुफ्त बिजली: मुख्यमंत्री फडणवीस

**मुख्यमंत्री ने आर्वी में 720 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया ई-लोकार्पण और भूमिपूजन**

## हर साल बिजली बिल में होगी कमी, सिंचाई और रोजगार के क्षेत्र में वर्धा को मिलेगा बढ़ावा

**वर्धा.**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वर्धा जिले के आर्वी में आयोजित एक कार्यक्रम में घोषणा की कि राज्य सरकार दिसंबर 2026 तक 80 प्रतिशत किसानों को साल भर रोजाना 12 घंटे मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले पांच वर्षों में राज्य के आम नागरिकों के बिजली बिल में हर वर्ष कमी लाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने आर्वी में नई प्रशासकीय इमारत सहित कुल 720 करोड़ रुपये के 11 विभिन्न विकास कार्यों का ई-लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर राज्य के गृह (ग्रामीण) राज्यमंत्री और वर्धा के पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर, सांसद अमर काले, विधायक दादाराव केचे, सुमीत वानखेडे, समीर कुणावार समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को 12 घंटे बिजली देने की मांग को राज्य सरकार ने गंभीरता से लेते हुए प्रभावी अमल शुरू कर दिया है। 2025 से 2030 के बीच बिजली उपभोक्ताओं के लिए हर वर्ष बिल में कमी लाई जाएगी। 300 यूनिट तक बिजली उपयोग करने वाले गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को सौर ऊर्जा के माध्यम से मुफ्त बिजली दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि अप्पर वर्धा और वाढवण-पिंपलखुटा सिंचाई योजनाओं के माध्यम से किसानों को पानी और मुफ्त बिजली दी जाएगी। अप्पर वर्धा परियोजना से 500 मेगावाट बिजली प्राप्त होगी। वर्धा जिले को लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। समृद्धि महामार्ग के विरुल नोड पर एमआईडीसी की स्थापना की जाएगी, जिससे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि दावोस में महाराष्ट्र के लिए हुए 16.5 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों में से 7 लाख करोड़ रुपये विदर्भ के लिए हैं। फडणवीस ने बताया कि इस योजना के तहत गोसीखुर्द डैम से 62 टीएमसी पानी सांडव्याद्वारे छोड़ा जाएगा, जिससे 550 किमी लंबी नई नदी तैयार होगी। इस योजना के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का बजट रखा गया है और वर्ष के अंत तक या अगले वर्ष की शुरुआत में इसका कार्य शुरू किया जाएगा पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों आर्वी विधानसभा क्षेत्र में 720 करोड़ रुपये के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन हुआ, जिससे जिले के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य की 476 शासकीय शालाओं को आदर्श शाला के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिनमें से पहली चरण की शुरुआत 14 अप्रैल 2025 को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती के अवसर पर होगी। सांसद अमर काले ने वन्य प्राणियों से हो रहे किसानों के नुकसान पर चिंता जताते हुए सरकार से राहत उपायों की मांग की। विधायक सुमीत वानखेडे ने कहा कि इस क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है।



### मुख्यमंत्री द्वारा किए गए प्रमुख ई-लोकार्पण और भूमिपूजन

❍ मुख्यमंत्री फडणवीस ने आर्वी उपसा सिंचाई योजना, गांधी विद्यालय की नई इमारत, स्विमिंग पूल, आर्वी शहर की सड़कें, सारंगपूरी तालाब का सौंदर्यीकरण, उपजिला अस्पताल में 100-बेड की सुविधा, प्रधानमंत्री सोलर घर योजना (नेरी-मिर्झापुर), एमआयडीसी के अंतर्गत सड़क कार्य, और जिल्हाधिकारी कार्यालय के 6 शासकीय वाहनों का लोकार्पण किया।

> किसान रातोंरात हुआ मालामाल

## खेत में मौजूद एक पेड़ की कीमत निकली 4 करोड़ से ज्यादा

**यवतमाल.**

एक पेड़ ने यवतमाल के एक किसान को रातोंरात करोड़पति बना दिया। कोई भी इसे पचा नहीं पाएगा. हालाँकि, यह सच है। किसान के खेत में मौजूद कोई आम पेड़ नहीं बल्कि लाल चंदन का पेड़ है। जिसकी कीमत चार करोड़ से ज्यादा निकली।

किसान का नाम पंजाब केशव शिंदे है और वह पुसद तहसील के खुर्शी का रहने वाले हैं। किसान शिंदे के सात एकड़ के पुश्तैनी खेत पर एक पेड़ है। शिंदे परिवार को तो यह भी नहीं पता था कि यह पेड़ किस चीज से बना है।

वर्धा-नांदेड़ रेलवे का सर्वेक्षण 2013-14 में किया गया था। उस समय जब कर्नाटक से कुछ लोग रेलवे लाइन देखने आए तो उन्होंने बताया कि यह पेड़ रक्त चंदन का पेड़ है और इसकी कीमत क्या है। उस समय शिंदे परिवार पूरी तरह सदमे में था। इसके बाद रेलवे ने भूमि का अधिग्रहण कर लिया। हालाँकि, वे इस पेड़ की कीमत बताने में अनिच्छुक थे। इसलिए, परिवार ने निजी तौर पर इस पेड़ का मूल्यांकन किया।

उस समय इसका मूल्यांकन 4 करोड़ 97 लाख रुपये था। लेकिन रेलवे ने इसे देने से इनकार कर दिया। इसलिए परिवार ने यह मामला बॉम्बे उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ में दायर किया। अदालत ने पेड़ के मूल्यांकन के लिए एक करोड़ रुपये जमा करने का आदेश दिया था।

**50 लाख रुपए किसान के खाते में**

अब उसमें से 50 लाख रुपए किसान के खाते में जमा करने को कहा गया है और शिंदे परिवार को पैसे निकालने की अनुमति दे दी गई है। नागपुर पीठ ने शिंदे को पूर्ण मुआवजा प्रदान करने के उद्देश्य से पेड़ का मूल्यांकन करने का भी आदेश दिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अविनाश खरोटे और न्यायमूर्ति अभय मंत्री के समक्ष हुई.

## साने गुरुजी प्राथमिक विद्यालय में डॉ.आंबेडकर जयंती मनाई गई

**वर्धा.** स्थानीय साने गुरुजी प्राथमिक विद्यालय, यशवंतनगर, वर्धा में भारतरत्न डॉ. बाबासाहब अंबेडकर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर रमाविलास शिक्षण संस्था के अध्यक्ष अशोक झाडे, सचिव अजय झाडे, और शाला के मुख्याध्यापक विनोद ताकसांडे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. बाबासाहब अंबेडकर की प्रतिमा का पूजन करके और दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनोगत व्यक्त किए और वर्ष भर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। मान्यवरों ने भारतरत्न डॉ. बाबासाहब अंबेडकर के जीवन कार्यों के बारे में विद्यार्थियों को समर्पण भाव से जानकारी दी और उन्हें प्रेरित किया। शालेय गान मंच ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन शिक्षकों और विद्यार्थियों ने किया। कार्यक्रम का संचालन संदीप चिचाटे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन अर्चना सावनकर ने किया। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए राजेंद्र पंधरे, विनोद ताकसांडे, संदीप चिचाटे, अर्चना सावनकर, चेतना मोहोड, वंदना भोयर, और चंद्रकला सोनटक्के ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## सालोड में बजरंग व्यायामशाला की ओर से निकाली गई भव्य हनुमान जन्मोत्सव रैली

**सालोड.**

सालोड स्थित जय बजरंग व्यायामशाला की ओर से हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नृत्यों ने सालोड के नागरिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रैली की शुरुआत ग्रामपंचायत सालोड के सरपंच अमोल कन्नाके, उपसरपंच आशिष कुचेवार, बाळासाहेब वाघ और शरयू वांदिले के हाथों भगवान हनुमान एवं श्रीराम की प्रतिमा पूजन के साथ हुई।

इसके बाद जय बजरंग व्यायामशाला से रैली का शुभारंभ किया गया। रैली सालोड के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पूरे गांव में भ्रमण करती रही। रैली में बंजारा बैंड, छत्तीसगढ़ से महाकाल झांकी, आंध्र प्रदेश से आए भगवान नंदी, भगवान शंकर और माता पार्वती की झांकी, छत्रपति शिवाजी महाराज का किला, आदिवासी नृत्य, भगवान शंकर और अघोरी नृत्य, श्रीराम-लक्ष्मण-सीता की झांकी जैसे विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं, जिन्होंने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। इस रैली का मुख्य आकर्षण विद्युत रोशनी से सजी झांकियाँ रहीं। रैली के कारण पूरे गांव में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। रैली में बड़ी संख्या में गांव के नागरिकों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



जगह-जगह भक्तों के लिए पानी, लंगर और शरबत की व्यवस्था की गई थी। रैली का समापन सदानंद महाराज मठ में किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में बजरंग व्यायाम शाला सालोड (हि.) के बालू ठाकरे, विकास खोडके, मनोज सुरसकार, आशिष मडावी, प्रतीक ठाकरे, प्रवीण सेवेकार, सुनील नेहारे, राहुल येरेकर, अक्षय राऊत, शेखर तीवसकर, निलेश शिरसागर, कुणाल टिपले, विशाल मडावी, भूषण वरघणे व अन्य कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## हिंदी विश्वविद्यालय में डॉ. आंबेडकर जयंती पर कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने किया माल्यार्पण



**वर्धा.** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में भारत रत्न बोधिसत्त्व डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की 134वीं जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने समता भवन परिसर स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन सोमवार सुबह 08:00 बजे किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने आंबेडकर जी की अध्ययनरत प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति आदर व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल, प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, प्रो. आनन्द पाटील, प्रो. दिगंबर तंगलवाड, प्रो. कृपा शंकर चौबे, डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी, डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. राजेश लेहकपुरे, डॉ. रवि कुमार, डॉ. संदीप सपकाळे, डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्डेय, डॉ. प्रदीप, डॉ. सीमा बर्गट, डॉ. रामप्रकाश यादव, डॉ. निशीथ राय, डॉ. शैलेश कदम, डॉ. किरण कुंभरे, डॉ. श्रीनिकेत मिश्र, डॉ. मीरा निचले, डॉ. हेमचंद्र ससाने, डॉ. गौरी शर्मा, डॉ. धीरज मसराम, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. राम कृपाल तिवारी, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. अमित विश्वास, प्रीति खोडे, बी. एस. मिरगे, सुधीर खरकटे, राजेश अरोड़ा, संगीता मालवीय, शंभू दत्त सति, सुरेश यादव आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हेमंत दुबे, मनोज टिचकुले, सचिन आड़े, आशीष रंजन, अनिल ढोरे एवं सुरक्षा कर्मियों का विशेष सहयोग रहा। डॉ. आंबेडकर की विचारधारा और उनके सामाजिक समरसता के संदेश को याद करते हुए विश्वविद्यालय परिवार ने उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

## डॉ. बाबासाहब आंबेडकर जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन







**हिंगनघाट.** डॉ. बाबासाहब आंबेडकर जयंती के अवसर पर पूरे शहर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। इस शुभ अवसर पर उत्सव समिति द्वारा विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह से ही डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नागरिकों ने पुष्पगुच्छ अर्पित कर बाबासाहब को नमन किया। जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस रैली के माध्यम से सामाजिक एकता और समरसता का संदेश दिया गया। शहर के कई हिस्सों में जयंती की धूमधाम से मनाई गई। दोपहर 12 बजे जगह-जगह आतिशबाजी कर बाबासाहब का जन्मदिन उल्लासपूर्वक मनाया गया। विभिन्न क्षेत्रों में भोजनदान और अन्य सामाजिक उपक्रमों का आयोजन भी किया गया। शाम को एक भव्य रैली निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया। पूरे दिन भर चले इन कार्यक्रमों ने डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के विचारों और उनके कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया।

## केडीएम स्कूल में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई



**हिंगनघाट.** दत्तपुर स्थित केडीएम स्कूल में भारत रत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य अनंता वैद्य सर ने की। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना से हुई। स्कूल की पर्यवेक्षक प्रीति इंगोले ने छात्रों को भारतीय संविधान की जानकारी दी और उसके महत्व को समझाया। छात्रा आकृति अरापल्लीवार, नंदिनी महल्ले और श्रीनित सभापतिकर ने डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों और समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सुंदर संचालन प्राजक्ता घरोटे ने किया, जबकि स्वाति कांबले ने डॉ. आंबेडकर पर एक भावपूर्ण गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम की सफलता में स्कूल के सभी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों का अहम योगदान रहा। सभी ने मिलकर इस आयोजन को यादगार बनाया।

## डॉ. आंबेडकर की 134वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई

> ग्राम पंचायत, जिला परिषद स्कूल एवं बौद्ध समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

**समुद्रपुर.** भारत रत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134वीं जयंती मोहगांव में बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कार्यालय, जिला परिषद स्कूल तथा बौद्ध समिति द्वारा संयुक्त रूप से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत कार्यालय में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पूजन और माल्यार्पण से हुई, जिसमें सरपंच विलास नवघरे के मार्गदर्शन में ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।



इसके पश्चात जिला परिषद स्कूल में भी प्रतिमा पूजन एवं माल्यार्पण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में तंटामुक्त समिति के अध्यक्ष अनिल धोटे, पुलिस पाटिल मेघताई धोटे, ग्राम पंचायत सदस्य प्राणलिताई वांढरे, सुनिताताई वाघाड़े, प्रधानाध्यापक रमेश वाघमारे, शिक्षक सुदाम थोरात, अमोल वाडेकर और परमेश्वर चौधर सहित कई शिक्षक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। बाद में बौद्ध समिति द्वारा गांव में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के पास मुख्य जयंती समारोह का आयोजन किया गया। यहां भी प्रतिमा पूजन, माल्यार्पण एवं जयकारों के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान निरंजन कुंभारे, सुनील हाडके, शरद ओरके, पुरूषोत्तम ओरके, बाबाराव राऊत, अरुण ठाकरे, दौलत शाहरे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता छाया ओरके, आशा कार्यकर्ता अर्चना ओरके, संगीता लाटनकर, वर्षा दोडके, कुसुमताई नगराले, शारदा भगत, गोलू भगत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम पूर्णतः श्रद्धा, सम्मान और सामाजिक एकता के प्रतीक के रूप में संपन्न हुआ।

## डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134वीं जयंती पर समारोह आयोजित

**वर्धा.** स्थानीय शरद समग्र ग्रामीण विकास संस्था, वर्धा द्वारा संचालित चिंतामणी शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फायर इंजीनियरिंग की ओर से 14 अप्रैल 2025 को 11 बजे भारत रत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134वीं जयंती विद्यानगर स्थित महाविद्यालय के शहर कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भारत रत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा पर संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा और गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन्सिक साइंस नागपुर के प्रोफेसर योगेश घोगरे ने माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। इसके बाद संस्था के सहसचिव प्रमोद पोतदार, प्रा. वसंत लोटिया, प्राचार्य अनंत गवडी और प्रा. स्नेहा शर्मा ने भी माल्यार्पण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण प्रा. मंगला बुराडे, प्रा. देवदत्त चिमलवार, प्रा. मुकुंद दुर्गे, प्रा. शंकर तडस, प्रा. विनायक ठाकरे समेत अन्य कर्मचारी तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारी फातिमा शेख, योगेश मैत्रे, प्रमोद राऊत, सिमा महंत, अमोल बोकडे और चंद्रशेखर महल्ले उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में डॉ. आंबेडकर के योगदान और उनके विचारों को याद करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया।








नागपुर एयरपोर्ट पर कार्गो एजेंट्स ग्रुप की तरफ से ' डॉ. बाबासाहब आंबेडकर जयंती पर भोजना दान किया गया.



भारतरत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की जयंती पर सरपंच लक्ष्मी श्रीबंसरी, उपसरपंच सदस्य, स्टाफ ग्राम पी. दविंवाड़ा एवं राजकुमार अग्रवाल, अध्यक्ष, तंतमुक्त गांव समिति, दविंवाड़ा एवं सभी सदस्यों की उपस्थिति में ग्राम पंचायत कार्यालय, दविंवाड़ा में मनाई गई।

# चेन्नई एक्सप्रेस लौटी जीत के ट्रैक पर

## चेन्नई ने लखनऊ को रोमांचक मुकाबले में 5 विकेट से हराया



**लखनऊ.**

चेन्नई सुपर किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 विकेट से हरा दिया हाई. चेन्नई को आईपीएल 2025 में लगातार पांच हार झेलने के बाद पहली जीत नसीब हुई है. इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने पहले खेलते हुए 166 रन बनाए थे, जवाब में सीएसके की टीम ने आखिरी ओवर तक चले इस मैच में 5 विकेट से अपनी जीत सुनिश्चित की. एमएस धोनी ने समा बांधते हुए 11 गेंद में 26 रनों की तूफानी पारी खेल सीएसके की जीत में बड़ा योगदान दिया. 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स को बढ़िया शुरुआत मिली. डेब्यूटेंट शेख रशीद ने रचिन रवींद्र के साथ मिलकर 5 ओवर खत्म होने से पहले ही सीएसके का स्कोर 50 के पार पहुंचा दिया था. रशीद अपने डेब्यू मैच में 19 गेंद में 27 रन बनाकर आउट हो गए. रचिन रवींद्र भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए और 37 रन बनाकर पार्ट-टाइम गेंदबाज एडन मारक्रम की बॉल पर अपना विकेट गंवा बैठे. राहुल त्रिपाठी की खराब फॉर्म बदस्तूर जारी है, जो केवल 9 रन बनाकर आउट हो गए.

उनके कुछ देर बाद ही रवींद्र जडेजा भी 7 रन बनाकर चलते बने. एक समय चेन्नई ने बिना विकेट गंवाए 52 रन बना लिए थे, लेकिन अगले 44 रन के भीतर सीएसके टीम ने 4 अहम विकेट गंवा दिए थे. इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच नंबर-30 में चेन्नई सुपर किंग्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 5 विकेट से हराया. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया. इस मैच में टॉस जीतकर चेन्नई ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. लखनऊ की टीम पहले बैटिंग करते हुए पंत की फिफ्टी के दम पर सीएसके के सामने



167 रनों का लक्ष्य दिया था. इसके जवाब में उतरी सीएसके ने 20वें ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर लिया. धोनी ने 10 गेंदों में 26 रनों की नाबाद पारी खेली. 167 रनों के जवाब में उतरी सीएसके की शुरुआत बेहद शानदार रही. शेख रसीद और रचिन रविंद्र ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की. हालांकि, 5वें ओवर में शेख रसीद आउट हो गए. उनके बल्ले से 27 रन निकले. हालांकि, 8वें ओवर में रविंद्र का विकेट गिरा. उनके बल्ले से 37 रन निकले. इसके बाद अगले ही ओवर में राहुल त्रिपाठी भी आउट हो गए. जडेजा भी कमाल नहीं कर सके और 7 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद 15वें ओवर में विजय शंकर भी 9 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद महेंद्र सिंह धोनी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की.

धोनी ने 11 गेंद में 26 रन बनाए. वहीं, शिवम दुबे ने 43 रन बनाए. जिसके दम पर चेन्नई ने 20वें ओवर में ये मैच जीत लिया. लगातार 5 मैचों में मिली हार के बाद सीएसके को ये जीत मिली है. पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरुआत अच्छी नहीं रही. पहले ही ओवर में खलील अहमद ने मारक्रम को आउट किया. इसके बाद निकोलस पूरन भी चौथे ओवर में कंबोज का शिकार हो गए. पूरन के बल्ले से केवल 8 रन निकले. इसके बाद पंत और मार्श के बीच अच्छी साझेदारी हुई लेकिन 10वें ओवर में जडेजा ने मार्श को बोल्ड कर दिया. इसके बाद 14वें ओवर में जडेजा ने अच्छी लय में दिख रहे बदोनी को आउट कर दिया. बदोनी के बल्ले से केवल 22 रन निकले. लेकिन ऋषभ पंत एक छोर पर डटे रहे. पंत ने 63 रनों की पारी खेली. इसके दम पर लखनऊ ने चेन्नई को 167 रनों का टारगेट दिया. टीम में वापसी कर रहे मिचेल मार्श ने खलील को लगातार दो गेंदों पर चौका और छक्का लगाया। वहीं अब तक टूर्नामेंट में जूझते नजर आये पंत ने आते ही आत्मविश्वास से भरे शॉट्स खेले। इनमें जैमी ओवरटन की गेंद पर रिवर्स स्कूप पर जड़ा छक्का शामिल है।

अनुभवी रविंद्र जडेजा ने पहले ओवर में दस रन दिये लेकिन दूसरे ओवर में शानदार वापसी करके मार्श का विकेट लिया। युवा आयुष बड़ोनी (17 गेंद में 22 रन) ने ओवरटन को लगातार दो छक्के लगाकर लखनऊ को 12 ओवर के बाद तीन विकेट पर 95 रन तक पहुंचाया। आयुष बडोनी को दो जीवनदान भी मिले जब पहली बार वह नो बॉल पर लपके गए और फिर जडेजा की गेंद पर पगबाधा होने से बचे। वह आखिरकार जडेजा का ही शिकार हुए और धोनी ने चुस्त स्टम्पिंग करके उन्हें रवाना किया। चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद ने बीच के ओवरों में चार ओवर में सिर्फ 13 रन दिये। पंत और समद जमकर खेल रहे थे जब धोनी ने दोनों को रवाना करने में अहम भूमिका निभाई। पहले उन्होंने दूसरे छोर से सटीक थ्रो मारकर समद को रन आउट किया।

☐ कप्तान ऋषभ पंत ने 49 गेंद में 63 रन बनाये। उन्हें शुरुआत में दिक्कत हुई लेकिन धीरे धीरे लय हासिल कर ली और अब्दुल समद (20) के साथ पांचवें विकेट के लिये 33 गेंद में 53 रन बनाये। लगातार पांच पराजय का सामना करके आई चेन्नई सुपर किंग्स ने इससे पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। खलील अहमद ने पहले ही ओवर में एडेन माक्ररम को आउट किया, जिनका बेहतरीन कैच पीछे की ओर दौड़ते हुए राहुल त्रिपाठी ने लपका।



## डंडे से सिर पर वार कर दोस्त की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**नागपुर.**

पारडी थाना क्षेत्र में मोबाइल छिपाने के मामूली मजाक ने एक जान ले ली। आरोपी ने गुस्से में आकर अपने ही दोस्त के सिर पर डंडे से हमला कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। यह दिल दहला देने वाली घटना सोमवार शाम नवीन नगर स्थित एनआईटी गार्डन के पास हुई। मृतक की पहचान जितेन्द्र उर्फ जितू राजू जयदेव (40), निवासी भीम चौक, हिवरीनगर के रूप में हुई है, जबकि आरोपी इतवारीदास शिवदास माणिकपुरी (35), निवासी नवीन नगर, पारडी बताया गया है। दोनों ही मजदूरी करते थे और पुराने दोस्त थे।

पुलिस के अनुसार, शाम करीब 6.30 बजे जितू अपने दोस्तों से मिलने नवीन नगर गया था। एनआईटी गार्डन के पास दोस्तों की मंडली खड़ी थी, तभी मजाक-मजाक में किसी ने इतवारीदास का मोबाइल छिपा दिया। मोबाइल न मिलने से वह गुस्से में आ गया और शक जताते हुए जितू से मोबाइल लौटाने को कहा। जब जितू ने इंकार किया, तो विवाद बढ़ गया और दोनों में गालीगलौच हुई। इस दौरान जितू ने इतवारीदास को थप्पड़ जड़ दिया। अपमानित महसूस करते हुए आरोपी ने वहां से जाते हुए धमकी दी. 'अभी तुझे दिखाता हूं।' कुछ देर बाद वह सेंट्रिंग में उपयोग होने वाला भारी डंडा लेकर लौटा और पीछे से जितू के सिर पर जोरदार वार किया। इसके बाद लगातार 2-3 वार और किए, जब तक अन्य दोस्त बीच में आकर उसे नहीं रोका। गंभीर रूप से घायल जितू को तत्काल मेयो अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पर्टी डीलर ने रिटायर्ड कर्मचारी से की धोखाधड़ी

**नागपुर.** प्रापर्टी डीलर द्वारा निवेश के नाम पर लाखों रुपए डकार लिए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार मामला उजागर होने से आरोपी भाइयों के खिलाफ लकड़गंज थाने में शुक्रवार को प्रकरण दर्ज किया गया है। फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश जारी है। शिकायतकर्ता यशवंत गोविंदराव वाडिभस्मे 24 वर्ष है। वह डिलिवरी बॉय है। उसके पिता वेकोलि से सेवानीवृत्त हुए है। नायर मित्र के जरिए उसकी पहचान आरोपी प्रापर्टी डीलर प्रखर शिशिरकिशोर तिवारी और उसके भाई वितिन से हुई थी। उन्हें यह भी पता चला था कि उसके सेवानिवृत्त होने से लाखों रुपए मिले हैं। जिससे आरोपियों ने यह कहकर यशवंत और उसके पिता को फांस लिया कि कामठी रोड भिलगांव स्थित प्लाट स्किम में निवेश करने पर कुछ दिनों में ही उसे दोगुनी रकम मिल सकती है। झांसे में आकर 1 अक्टूबर 2022 से अभी तक बारी-बारी से सेवानिवृत्ति की रकम के 60 लाख रुपए आरोपियों को निवेश के लिए दिए गए थे। इसके बाद यशवंत को पता चला कि आरोपियों की कोई प्लाटों की स्किम नहीं है। इस तरह का झांसा देकर और भी लोगों के साथ तिवारी बंधुओं द्वारा धोखाधड़ी करने की बात सामने आयी है।

## खुशी महिले ने 18वें जन्मदिन पर जिला परिषद स्कूल के छात्रों को बांटी नोटबुक्स और रंगीन पेंसिलें

**कारंजा.** सामाजिक सरोकार जपत हुए और जन्मदिन को एक अनोखे तरीके से मनाते हुए, खुशी प्रेम महिले ने अपने 18वें जन्मदिन के अवसर पर कारंजा शहर के केंद्र शाला कारंजा और जिला परिषद स्कूल, खर्डीपुरा के विद्यार्थियों को कुल 180 नोटबुक्स और 90 रंगीन पेंसिलें वितरित कीं। इस उपक्रम के अंतर्गत कई विद्यार्थियों को उनकी पढ़ाई के लिए आवश्यक नोटबुक्स प्रदान की गईं। खुशी के इस पहल से छात्रों में हर्षोल्लास का माहौल बना रहा और उनके माता-पिता व शिक्षकों ने इस कार्य की सराहना की। स्कूल के मुख्याध्यापक ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार की सामाजिक सोच वाले उपक्रमों से युवाओं को प्रेरणा मिलती है।

## चरित्र पर झूठा संदेह बना हत्या की वजह, पति और जेठ ने मिलकर रची मौत की साजिश

**नागपुर.**

हुड़केश्वर थाना क्षेत्र में महिला चिकित्सक डॉ. अर्चना राहुले की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। यह हत्या किसी बाहरी शख्स ने नहीं बल्कि खुद अर्चना के पति और जेठ ने मिलकर की थी। चरित्र पर संदेह और अपमानजनक व्यवहार का हवाला देते हुए पति डॉ. अनिल राहुले ने अपने भाई राजू राहुले के साथ मिलकर इस नृशंस वारदात को अंजाम दिया। 50 वर्षीय डॉ. अर्चना राहुले मेडिकल कॉलेज के फिजियोथेरेपी विभाग में सहायक



प्राध्यापक थीं।

पुलिस के अनुसार, दोनों भाइयों ने पिछले दो महीने से हत्या की साजिश रची थी और 9 अप्रैल को इसे अंजाम दिया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें 17 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है। घटना के दिन डॉ. अनिल रायपुर से नागपुर पहुंचे थे, वहीं उनका भाई राजू भी साकोली से आया। योजना के मुताबिक, शाम 5 बजे दोनों ने मिलकर घर में अर्चना के सिर पर रॉड से वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों फरार हो गए। शुरुआत में अनिल ने पुलिस को बताया कि वह कई दिनों से घर नहीं आया था और अर्चना फोन नहीं उठा रही थी, इसलिए नागपुर आया था। पुलिस जांच में डॉ. अर्चना के चरित्र पर किए गए संदेह को बेबुनियाद पाया गया। वह सिर्फ अपने पति, बेटे और सहकर्मियों से ही कामकाज को लेकर बात करती थीं।

अर्चना की बहन डॉ. नीमा सोनारे ने बताया कि अर्चना पति की हिंसा और धमकियों से परेशान थीं। वहीं राजू राहुले, जो कि एक शिक्षक है, ने भी इस साजिश में अहम भूमिका निभाई।

उसने जानबूझकर अपने मोबाइल को साकोली में छोड़ दिया ताकि लोकेशन ट्रेस न हो सके। लेकिन सहयात्री से मोबाइल लेकर की गई कॉल से पुलिस को सुराग मिल गया। डॉ. अर्चना की हत्या से एक उच्च शिक्षित परिवार उजड़ गया है। मां की हत्या और पिता की गिरफ्तारी से बेटा सदमे में है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और दोनों आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की प्रक्रिया जारी है।

## कांग्रेस के युवा नेता अंकुश काटोले भाजपा में शामिल



**कामठी.** युवा कांग्रेस नेता अंकुश काटोले ने येरखेड़ा ग्राम पंचायत पूर्व सदस्य राजकीरण बर्वे, एड.आशीष वंजारी के नेतृत्व में समर्थकों के साथ रविवार को भाजपा की सदस्यता ली। सदस्यता के बाद उन्होंने कहा कि उन्हें कसौटी पर परखें तब दायित्व दें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, राजस्व मंत्री व पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने अंकुश काटोले का स्वागत किया। इस मौके पर अमोल भालेकर, सारिका भालेकर, शुभांगी काटोले, नूरेश्वरी कामडी, वंश कामडी, राजेंद्र तागड़े आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें।

## डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया अभिवादन



**कामठी.**

भारतरत्न, विश्वभूषण डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर कामठी स्थित विश्वविख्यात ड्रैगन पैलेस टेम्पल में विशेष बुद्ध वंदना का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम तथागत गौतम बुद्ध की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर एड. सुलेखा कुंभारे की ओर से माल्यार्पण कर सामूहिक अभिवादन किया गया। ड्रैगन पैलेस टेम्पल में बड़ी संख्या में धम्मसेवक, धम्मसेविकाएं और लोग उपस्थित थे।

उपस्थित लोगों ने डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा को अभिवादन किया। ड्रैगन पैलेस टेम्पल परिसर में स्थित डॉ. बाबासाहब आंबेडकर सांस्कृतिक एवं अनुसंधान केंद्र में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर ओगावा सोसायटी की अध्यक्ष एवं ड्रैगन पैलेस टेम्पल की प्रमुख , पूर्व राज्यमंत्री एड सुलेखा कुंभारे ने माल्यार्पण कर अभिवादन किया। एडवोकेट सुलेखा कुंभारे ने इस अवसर पर आह्वान किया कि डॉ. बाबासाहब आंबेडकर द्वारा अपेक्षित समाज के निर्माण के लिए हम अप्रत्यक्ष-प्रत्यक्ष रूप से योगदान देकर बाबासाहेब के सपने को साकार करने का संकल्प लें।

इस अवसर पर अजय कदम, अफजल अंसारी, दीपक सिरिया, दिपंकर गणविर, सुभाष सोमकुंवर, चंद्र लांजेवार, अनुभव पाटिल, एड सोनवणे, देवेंद्र जगताप, विनोद जुमडे, राजेश गजभिये, प्रफुल वासे, अमित चव्हाण, अजित बागडे, भैयालाल भोयर, अरविंद वंजारी, विजय अलोने, राजेश शंभरकर, सुनील वानखेड़े, सचिन नेवारे, चंटु कापसे, सुकेशिनी मुरारकर, अंबरीन फातीमा, रेखा भावे, रजनी लिंगायत, विशाखा पाटिल, रजनी गजभिये, रेखा पाटिल, निशा फुलझेले, दिशा पिल्ले, सीमा सोमकुंवर आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सर्वधर्म मंच ने हनुमान जयंती शोभायात्रा में बांटे शीतपेय

**कामठी.** श्री हनुमान जी जन्मोत्सव शोभायात्रा सेवा समिति की ओर से आयोजित हनुमान जयंती शोभायात्रा के दौरान हिंदू मुस्लिम व सर्वधर्म एकता मंच कामठी के सौजन्य से गुजरी बाज़ार में शीतल पेय वितरण किया गया। यह वितरण हनुमान जयंती के उत्सव का हिस्सा कार्यक्रम दौरान हिंदू मुस्लिम व सर्वधर्म एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष व नप पूर्व अध्यक्ष और रब्बानी क्लब अध्यक्ष अहफाज अहमद ठेकेदार द्वारा पूर्व मंत्री अनिल देशमुख, पूर्व केंद्रीय मंत्री विलास मुत्तेमवार, सांसद श्यामकुमार बर्वे, विधान परिषद सदस्य कृपाल तुमाने, ज़िला परिषद पूर्व अध्यक्ष सुरेश भोयर, नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष माया चवरे, कांग्रेस कमेटी महाराष्ट्र प्रदेश सचिव प्रसन्ना उर्फ राजा तिड़के, ज़िला परिषद पूर्व सदस्य सलिल देशमुख, नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम, समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश



महासचिव परवेज़ सिद्दीकी, छावां मराठा संगठन नागपुर ज़िला अध्यक्ष नियाज़ सिंघानिया, राकांपा नेता मंशा पटेल, भंते नागदीपांकर, श्री हनुमान जी जन्मोत्सव शोभायात्रा सेवा समिति अध्यक्ष राजेश शर्मा आदि गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## नागपुर के व्यवसायी अफ़ज़ल मीठा बने भारत में माल्टा के संवाददाता राजनयिक

**नागपुर.** ओरिएंट ग्रुप के प्रबंध निदेशक अफ़ज़ल मीठा को इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ डिप्लोमैटिक रिलेशंस द्वारा भारत में माल्टा के संवाददाता राजनयिक के रूप में नियुक्त किया गया है। यह सम्मान उन्हें संस्था के गवर्नर प्रोफेसर डॉ. कैटेलो मार्रा द्वारा प्रदान किया गया। मीठा की यह नियुक्ति भारत और माल्टा के बीच बढ़ते हुए राजनयिक और आर्थिक संबंधों का प्रतीक है। व्यापार और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में उनके अनुभव को देखते हुए, उनसे दोनों देशों के बीच सहयोग और नए अवसरों को बढ़ावा देने की उम्मीद की जा रही है। इस अवसर पर अफ़ज़ल मीठा ने कहा, "यह नियुक्ति मेरे लिए बड़े गर्व और सम्मान की बात है। यह भारत और माल्टा के बीच सुदृढ़ होते संबंधों को दर्शाती है। मैं इस सहयोग को और मजबूत करने और दोनों देशों के परस्पर विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।" अपने नए पद पर श्री मीठा व्यापारिक साझेदारियों, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और संवाददाता राजनयिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का कार्य करेंगे।

